# हफ़्ते में तीन दिन सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर कराया जाए सेनेटाइज़ेशन, नगर आयुक्त

**शाहजहांपुर।** कोविड.19 के संक्रमण को देखते हुए नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर हर शनिवार, रविवार व सोमवार को सेनेटाइजेशन और सफाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में रविवार को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कालेज, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पुराना जिला अस्पताल, ओसीएफ अस्पताल,नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र.सराय काइयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटियाटोला, ककरा खुर्दए ककराकलां, जलीकोठी, हुसैनपुरा, गड़ी गाड़ीपुरा, अजीजगंज, एमन जई जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ.सफाई कराई गई।